Need to grant the status of Scheduled Tribe to the Kalanga Community of Odisha- Laid

श्री प्रदीप पुरोहित **(बारगढ़) :** मैं केंद्र सरकार का ध्यान ओडिशा के कलंगा समुदाय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । यह समुदाय ओडिशा में लंबे समय से अनुसूचित जनजाति (ST) का दर्जा प्राप्त करने की मांग कर रहा है, जबकि पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में यह समुदाय पहले से ही ST सूची में शामिल है। कलंगा समुदाय मुख्यतः वनों और पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करता है, जो समाज के सबसे पिछड़े और वंचित वर्गों में से एक है । इनके पास शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है । अनुसूचित जनजाति का दर्जा न होने के कारण ये केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं जैसे शिक्षा में आरक्षण, आर्थिक सहायता और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं । मैं केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि ओडिशा में कलंगा समुदाय को अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजातियों की सूची में संशोधन कर ST सूची में शामिल किया जाए ताकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके ।